# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : **06.07.2025** प्रसारण समय : **19:20** बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रख्यात चिंतक और शिक्षाविद् डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि : कहा– डॉक्टर मुखर्जी का सम्पूर्ण जीवन भारत की एकता और अखंडता के लिए रहा समर्पित।
2. उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक आज ग्रेटर नोएडा में आयोजित ऑल इंडिया ट्रामा कॉन्क्लेव में हुए शामिल : कहा– प्रदेश सरकार सभी के लिए सुलभ और प्रभावी चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करने के लिये है प्रतिबद्ध।
3. लखनऊ में तीन दिवसीय आम महोत्सव का आज हुआ समापन : उद्यान, कृषि विपणन राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आम उत्पादकों और निर्यातकों को किया सम्मानित।

और

4. अकीदत के साथ मनाया जा रहा है यौमे आशूरा मोहर्रम, प्रदेश के सभी जनपदों में गमगीन माहौल में निकाले गये ताजिया जुलूस।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक और महान शिक्षाविद् डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी 125वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रखर वक्ता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान शिक्षाविद् थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका जीवन भारत की एकता और अखंडता के लिए समर्पित था।

बाइट...

*उन्होंने उस समय एक नारा दिया था 'एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे'। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के इन सपनों को साकार किया है, देश के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने, जब कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करके कश्मीर को भारत के संविधान के अनुरूप, शेष भारत के साथ जोड़ते हुए, एक विधान, एक प्रधान और एक निशान के साथ उन्हें भी भारत की लोकतांत्रिक मुख्य धारा के साथ जोड़ने का जो अभिनव प्रयास हुआ है। आज जम्मू–कश्मीर तेजी के साथ विकास कर रहा है, यह डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संकल्पों की विजय है, जो प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में संभव हो पाया।*

———————

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आज ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में आयोजित ऑल इंडिया ट्रॉमा कॉन्क्लेव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी के लिए सुलभ और प्रभावी चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ट्रॉमा केयर के क्षेत्र में ऐसे आयोजन स्वास्थ्य सेवाओं कोमजबूत

करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस कॉन्क्लेव का आयोजन ट्रॉमा केयर और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में नवाचारों और प्रगति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। बाइट...

*शिक्षक और चिकित्सक दोनों ऐसे हैं जो जीवन एक गढ़ने का काम करता है और एक जीवन बचाने का काम करता है। आप ईश्वर के रूप हो तो हम लोगों को इस बात की चर्चा जन–जन में पहुंचानी चाहिए कि ट्रामा हो ही न और यदि है भी तो उसका परसेंटेज हम कम करने का प्रयास करें।*

कार्यक्रम के दौरान श्री पाठक ने कॉन्क्लेव में प्रदर्शित किये गय अत्याधुनिक ट्रॉमा केयर उपकरणों और तकनीकों का अवलोकन भी किया।

————————

उप–मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि कांवड़ यात्रा हर वर्ष की तरह इस बार भी सकुशल तरीके से पूर्ण होगी। मेरठ के सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वालों के खिलाफ सरकार सख्ती से कार्रवाई करेगी। लोगों से अपील करते हुए श्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश में सभी धर्मों के लोग शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनायें, उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार सजग है। बाइट...

*जब से उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है, चाहे कांवड़ यात्रा हो, चाहे प्रयागराज कुंभ हो, चाहे अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के बाद वह दर्शन के लिए लोगों को जाना हो, चाहे बाबा विश्वनाथ जी का धाम काशी का हो, जो भी धार्मिक मेले हुए हैं, धार्मिक जो परंपरागत होते रहें, वो*

*बहुत मुस्लिम त्यौहार भी बहुत शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए हैं और किसी भी गड़बड़ी करने वाले का संरक्षण भी नहीं होगा। त्यौहार मनाओ, अच्छे से मनाओ, सरकार पूरी जो व्यवस्था करनी होती है सुरक्षा की व्यवस्था करती है, लेकिन उत्तर प्रदेश का कोई माहौल खराब न करे।*

————————

लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में चल रहे तीन दिवसीय आम महोत्सव का आज समापन हो गया। महोत्सव के अंतिम दिन आज उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आम उत्पादकों और निर्यातकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री डॉक्टर अरूण कुमार सक्सेना भी मौजूद थे। महोत्सव में देश भर के बागानों से चुन कर लाये गये आठ सौ से अधिक किस्मों के आमों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान संगोष्ठियां, प्रगतिशील किसानों के अनुभव साझाा करने और बायर्स–सेलर्स मीट का आयोजन भी किया गया।

————————

प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री जे.पी.एस. राठौर की अध्यक्षता में आज लखनऊ में सहकारिता मंत्रालय का चौथा स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में श्री राठौर ने कहा कि सहकारी समितियों ने प्रदेश के आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

के 'सहकार स समृद्धि विजन' के तहत ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत 38 जिलों में जन औषधि केंद्र खोले गए, जहाँ सस्ती जेनेरिक दवाएं मिलेंगी।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

फूल की खेती करने वाले किसानों से मंडी परिसर के बाहर फूलों की बिक्री करने पर मंडी शुल्क नहीं लिया जायेगा। मंडी परिसर में बिक्री करने पर किसानों से सिर्फ यूजर चार्ज लिया जायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल हुई मंडी परिषद के संचालक मंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। पेश है एक रिपोर्ट...

*बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि फूलों को मंडी तक लाने में समय लगने से उसकी गुणवत्ता पर असर पड़ता है। जिससे किसान उचित मूल्य से वंचित रह जाते हैं, ऐसे में किसानों से फूलों की बिक्री मंडी के बाहर करने पर किसी भी तरह का शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मंडी परिषद की सभी मुख्य कृषि मंडी स्थलों में शबरी कैंटीन बनाने के भी निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने यह भी*

*निर्देश दिये कि प्रदेश में आवश्यकता के अनुसार नई मंडियों की स्थापना की जाये और उसके लिए पीपीपी मॉडल पर भी संभावनायें तलाशी जायें। आकाशवाणी समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।*

————————

आज देवशयनी एकादशी है। भगवान विष्णु के योग निद्रा में जाने और चातुर्मास के प्रारंभ होने के दिन आज श्रीहरि और मां लक्ष्मी की उपासना की जाती है। इस अवसर पर आज श्रद्धालुओं ने प्रदेश की प्रमुख नदियों में स्नान कर पूजा–अर्चना की। प्रयागराज और हापुड़ में पवित्र गंगा नदी में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर दान–पुण्य किया। वाराणसी में देवशयनी एकादशी पर नमामि गंगे के सदस्यों ने काशी के प्राचीन विष्णु तीर्थ भगवान आदिकेशव की आरतो उतार कर जन कल्याण की कामना की और श्री हरि को प्रिय तुलसी के पौधे का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण की अलख भी जगाई। इस अवसर पर आदिकेशव घाट पर सफाई अभियान चलाया गया।

————————

मोहर्रम की दसवीं तारीख यौमे आशुरा के मौके पर आज प्रदेश भर में ताजिया जुलूस निकाले जा रहे हैं। यह दिन पैगम्बर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है। लखनऊ में यौमे आशूर का जुलूस विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित नाजिम साहब के इमामबाड़े से तालकटोरा की कर्बला तक निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में मातमी अंजुमने

अपने अलम के साथ नौहाख्वानी और मातम करते हुए चल रहीं थीं। जुलूस में शामिल हिंदू धर्म गुरू स्वामी सारंग ने कहा कि इमाम हुसन की कुर्बानी हमें एकता और भाईचारे का पाठ सिखाती है। उनकी इस पहल की विभिन्न समुदाय के लोगों ने सराहना की। इससे पहले जुलूस की मजलिस को मौलाना फरीदुल हसन ने खिताब किया। एक रिपोर्ट...

*पूरे भारत में लखनऊ को ताजियादारी और अजादारी का केंद्र बिंदु माना जाता है। यहां पर नवाबी दौर से ही हिंदू और मुसलमान दोनों मिलकर इमाम हुसैन का गम मानते आ रहे हैं आज भी मोहर्रम के जुलूस में स्वामी सारंग ने छूरी का मातम करके इस भाईचारे का संदेश दिया। तालकटोरा की कर्बला में ताजियों को दफन करने के बाद अभी रात में शामें गरीबॉ की मजलिस होगी जिसे मौलाना कल्बे जवाद संबोधित करेंगे। इस मजलिस को आकाशवाणी के प्राइमरी चौनल 747 किलो हट्र्ज पर रात में 11 बजे प्रसारित किया जाएगा। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

यौमे आशूरा पर बलरामपुर फर्रूखाबाद, अमरोहा और अयोध्या सहित विभिन्न जनपदों में मातमी जुलूस के साथ ताज़िए निकाले गये जिन्हें गमगीन माहौल में कर्बला में दफन किया गया। इस दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये ।

————————

लखनऊ घराने के महान कथक गुरु पंडित लच्छू महाराज की शिष्या कथक गुरु कुमकुम आदर्श का आज लखनऊ में अंतिम संस्कार किया गया। 67 वर्षीय कुमकुम आदर्श का लंबी बीमारी के बाद कल निधन हो गया था। यश भारती सम्मान से सम्मानित कुमकुम आदर्श के निधन

से लखनऊ के कलाकारों में गहरा दुख है। इसी वर्ष जनवरी में ही उन्हें उदय शंकर रंगभारती सम्मान से भी नवाजा गया था।

————————

यूपी पावर कारपोरेशन ने कामर्शियल कार्यों को सुविधाजनक और पारदर्शी बनाने के लिए कामर्शियल ऐप लांच किया है। इससे मीटर रिप्लेसमेंट आवेदन और केवाईसी से संबंधित सभी कार्य किये जा सकेंगे। ऐप के माध्यम से ऑनलाइन मीटर को ट्रैक भी किया जा सकता है।

————————

प्रदेश के पश्चिमी इलाकों क कुछ जिलों में आज हल्की बारिश हुयी जबकि पूर्वी जिलों में मौसम सामान्य रहा। हालांकि मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिये पूर्वी जिलों में गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। बीते दिनों हुयी बारिश के चलते कुछ जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। मिर्जापुर में गंगा नदी के जलस्तर में औसतन सवा सेंटीमीटर प्रतिघंटे की वृद्धि हो रही है।

————————